तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 4 जून 2025



9 बच्ची की मौतः पिता ने नागरिक अस्पताल व पीपीआई के खिलाफ दी...



9 एसआई 20 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार




## खबर संक्षेप

### छिनौली में झगड़े में महिला घायल

**खरखौदा।** छिन्नौली गांव में कई हमलावर लोगों ने महिला को पीट दिया। पीड़ित महिला के देवर ने लगाते यह आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संतकुमार का कहना है कि वह अपनी गली में लगी ईंटों को मजदूरों के साथ मिलकर रेहड़ी से उठा रहे थे। ऐसे में जब वह एक चक्कर ईंट डालकर वापस गली में लौटा तो उसकी भाभी सोनिया पर अनिल, नितेश ने अपनी परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर उसकी भाभी पर लाठी-डंडों व अन्य हथियारों से हमला कर दिया।

### बुजुर्ग ने परिजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**खरखौदा।** खांडा गांव निवासी बुजुर्ग ने अपने दो भतीजों व भाभी पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। रामप्रसाद का कहना है कि वह अपने पशुबाड़े में पशुओं को संभालने के लिए गया था, पशुबाड़े में घुसा तो वहां पर पहले से ही उसका भतीजा प्रमोद व पवन और उनकी मां बैठे थे। जिन्होंने उसके अंदर जाते ही हमला कर दिया। रामप्रसाद का कहना है कि उसे थप्पड़ व घुसे मारने क साथ ही उठाकर नीचे पटक दिया गया। इसी दौरान शोर सुनकर उसकी पत्नी मौके पर आई तो तीनों उसे जान से मार देने की धमकी देकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मां-बेटों पर केस दर्ज किया है।

### मानसिक परेशानी के चलते महिला ने लगाई फांसी

**गन्नौर।** अहीर माजरा गांव की रहने वाली 25 वर्षीय सोनिया विक्रम ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। स्वजनों ने घटना की सूचना थाना गन्नौर पुलिस को दी। सूचना पर थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। जानकारी देते हुए गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि सोनिया का विवाह अहीर माजरा निवासी कपिल के साथ हुआ था। स्वजनों ने पुलिस को बयान दिया है कि सोनिया पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी।

### तीन बहनों के इकलौते भाई ने घर में फंदा लगाकर जान दी

**गोहाना।** गांव मोई हुड्डा में तीन बहनों के इकलौते भाई अंकित ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। घर पर पिता व पुत्र मौजूद थे जबकि मां मायके गई थी। बुधवार सुबह जब अंकित कमरे से बाहर नहीं निकला तो पिता उसे देखने गया। वह फंदे पर लटका मिला। सदर थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने की कार्रवाई की। गांव मोई हुड्डा के रणबीर की तीन बेटियां और एक बेटा अंकित था। तीनों बेटियों शादीशुदा हैं और अंकित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था।

## लैब के बाहर लाइन में महिला और पुरुष मरीज की जेब कटी

# नागरिक अस्पताल में मरीजों की बढ़ी भीड़ रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर भिड़े मरीज

कर्मचारियों की कमी के चलते एक लैब पर लटका ताला

फिजिशियन ओपीडी में तैनात चिकित्सकों की ड्यूटी में फेरबदल के चलते बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में मौसम के बदलाव के चलते मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीजों लंबी लाइन लग गई। पुरुष लाइन में महिलाएं लाइन में लगने के चलते आपस में भिड़ गए। उसके बाद ओपीडी नंबर-7 में चिकित्सक न होने के चलते मरीजों की भीड़ ज्यादा बढ़ गई। वहीं मंगलवार को लैब में कर्मचारी कम होने के कारण पुरुष रक्त जांच लैब बंद करनी पड़ी, जिससे मरीजों को काफी दिक्कतें हुईं। लैब में सैंपल देने के लिए लाइन में लगी महिला मरीज का पर्स व पुरुष मरीज की जेब से ढाई हजार रुपये चोरी हो गए। मामला संज्ञान में आने पर चिकित्सक को ओपीडी में बैठाया गया। जिसके बाद मरीजों को राहत मिल पाई

बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में मौजूदा समय में ओपीडी रजिस्ट्रेशन दो हजार से पार जा रहा है। मंगलवार को ओपीडी रजिस्ट्रेशन के बाहर लंबी लाइनें देखने को मिली। काउंटर की कमी होने के चलते मरीजों को काफी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। वहीं महिला मरीज पुरुषों की लाइन में लगने लगी तो विरोध शुरू हो गया। काउंटर पर कोई सुरक्षा कर्मचारी न होने के कारण मरीज काफी देर तक आपस में झगड़ते रहे। उसके बाद ओपीडी में नंबर-7 में चिकित्सक न होने के चलते मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। ओपीडी में हर रोज करीब चार सौ मरीजों की जांच चिकित्सक करते है। ऐसे में एक भी चिकित्सक ओपीडी में न होने के चलते मरीज परेशान नजर आए। ओपीडी में तैनात डा. संदीप को ट्रेनिंग सेंटर में भेज दिया गया। वहीं डा. राकेश फोगाट को डेपुटेशन पर नारनौल भेजा गया है।



सोनीपत। रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर जमा मरीजों की भीड़ व झगड़ा करते हुए महिला मरीज।

### लैब कर्मचारी वीआईपी ड्यूटी व अन्य ड्यूटी में व्यस्त, लाइन में मरीजों की जेब कटी

जिला नागरिक अस्पताल के लैब में मरीजों की सुविधा के लिए 24 घंटे की सुविधा दी जा रही है। अस्पताल में कर्मचारियों की कमी है। जिसके चलते लैब के बाहर लंबी लाइन लग रही है। कर्मचारी दिन रात ड्यूटी व वीआईपी ड्यूटी पर जाने के चलते ओपीडी समय में लैब में ड्यूटी नहीं दे पा रहे है। जिसके चलते पुरुष लैब मंगलवार को बंद रही। एक ही लैब में सैंपल देने के चलते लंबी लाइन लग गई। सैंपल देने के लिए लाइन में लगी महिला मरीज का पर्स चोरी हो गया। जबकि पुरुष मरीज की जेब से ढाई हजार रुपये की राशि चोरी हो गई।

### ओपीडी के बाहर महिला एवं पुरुष मरीजों के बीच हुई झड़प

नागरिक अस्पताल में एक फिजिशियन कक्ष में मंगलवार को चिकित्सक ने होने के कारण दूसरे फिजिशियन कक्ष में मरीजों की लंबी कतार लग गई। ऐसी स्थिति में मरीज को तीन-चार घंटे तक कतार में खड़े होकर इलाज करवाना पड़ा। एक महिला और एक पुरुष में कक्ष के अंदर जाने को लेकर झड़प होनी शुरू हो गई। महिला एवं पुरुष के बीच काफी देर तक लड़ाई झगड़ा करते रहे।



सोनीपत। चिकित्सक न होने के चलते खाली पड़ी ओपीडी व लैब के बाहर भीड़।




सोनीपत। कर्मचारियों की कमी के चलते बंद पड़ी पुरुष ओपीडी।

### चिकित्सकों की ड्यूटी में हुआ बदलाव

*ओपीडी में तैनात चिकित्सकों की ड्यूटी में कुछ प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। मरीजों की समस्या को देखते हुए चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है। लैब में आ रही परेशानी को कर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया दिया गया है। मरीजों की संख्या व कर्मचारियों की ड्यूटी के चलते कर्मचारियों की कमी खल रही है। मरीजों की सुविधा के लिए जरूरी कदम उठाने का कार्य प्रबंधन की तरफ से किया जा रहा है। **-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल।***



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

## डेंगू, मलेरिया को लेकर नोडल अधिकारी ने कर्मियों से की बैठक

- बैठक में स्वास्थ्य निरीक्षक व प्रयोगशाला तकनीशियन शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में डेंगू, मलेरिया को लेकर विभाग सतर्क है। मंगलवार को सेक्टर-7 स्थित पाली क्लीनिक में उप सिविल सर्जन डा. आशा सहरावत ने स्वास्थ्य निरीक्षक व प्रयोगशाला तकनीशियनों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में पिछले साल डेंगू व मलेरिया के केस मिले थे, उस क्षेत्र को हाई रिस्क मानकर अपने स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करें।

घर-घर जाकर बुखार के मरीजों की पहचान करें। साथ ही जिन घरों में पानी से भरे बर्तनों में लारवा मिलता है। वहां उन बर्तनों को खाली किया जाए। सर्वे की रिपोर्ट रोजाना मुख्यालय भिजवाएं।

उप सिविल सर्जन डा. आशा सहरावत ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य निरीक्षक हाउस इंडेक्स फॉर्मूले के आधार पर एमपीएचडब्ल्यू से काम लिया जाए। जिन क्षेत्र का हाउस इंडेक्स 5.0 है या उससे ज्यादा पाया जाए तो वहां हर सप्ताह गहनता से एंटी लारवा एक्टिविटी की जाए। लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जाए। साथ ही उप सिविल सर्जन ने सभी प्रयोगशाला तकनीशियन को निर्देश दिए कि रक्त के नमूनों का परीक्षण रोजाना करें और इसकी रिपोर्ट रोजाना मुख्यालय भेजी जाए। अगर डेंगू व मलेरिया के केस मिलता है तो उसकी जानकारी जिला मुख्यालय को दें।

## पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंधः डीसी

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग, चंडीगढ़ द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले जिलों में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं फोड़ने (ऑनलाइन विपणन प्लेटफॉर्म से डिलीवरी सहित) पर पूरे वर्ष के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे में यह आदेश सोनीपत जिला में भी लागू रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रतिबंध पटाखों से निकलने वाली विषैली गैसों के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है, ताकि वायु प्रदूषण को रोका जा सके और जनस्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। उपायुक्त ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पटाखों से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने हेतु उपमंडल स्तर पर शिकायत निवारण समितियों का गठन किया गया है। ये कमेटियां पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री या उपयोग से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करेंगी।

## बिजली संकट से जूझ रहा औद्योगिक क्षेत्र

- उद्योगपतियों को नहीं मिल रही राहत
- 220 केवीए पावर हाउस पिछले एक साल से ओवरलोड, नए कनेक्शन देने में आ रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली संकट ने उद्योगपतियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले एक साल से 220 केवीए का पावर हाउस ओवरलोड चल रहा है, जिसके चलते नए औद्योगिक कनेक्शन देने में बिजली विभाग को भारी कठिनाई हो रही है। इस कारण नई औद्योगिक इकाइयों की शुरुआत भी अधर में लटक गई है। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित 220 केवीए का पावर हाउस में 20 मेगावाट का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने की मांग काफी पहले ही रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस अमल नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए बार-बार टेंडर निकाले जा रहे हैं, लेकिन एजेंसियों द्वारा तकनीकी शर्तें पूरी न कर पाने के कारण प्रक्रिया बार-बार अटक रही है।

### पेनल्टी का सता रहा डर



बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गोयल के अनुसार बिजली निगम ने अभी करीब 10 फैक्ट्रियों को बिजली कनेक्शन दिए हैं, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र में इस समय लगभग 20 से अधिक फैक्ट्रियों अब भी ऐसी हैं जिन्हें बिजली कनेक्शन नहीं मिल रहे। यदि वे बिजली कनेक्शन न मिलने की वजह से तय समय सीमा में उद्योग शुरू नहीं कर पाए तो उन्हें प्रोजेक्ट कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा। जिसके बाद भारी भरकम जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे में उद्योगपतियों को पेनल्टी लगने का डर भी सता रहा है।

### बिजली मंत्री से मिलेंगे

एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि एसोसिएशन के प्रतिनिधि बिजली मंत्री अनिल विज से मिलकर स्थायी समाधान की मांग करेंगे। इससे पहले भी वह कई बाद निगम के उच्च अधिकारियों से मिल कर टेंडर के नियमों में बदलाव कर टेंडर लगाने की मांग कर चुके हैं, ताकि एजेंसी टेंडर लेकर जल्द से जल्द यहां ट्रांसफार्मर लगा सके, लेकिन कोई हल नहीं निकला है। यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो क्षेत्र का औद्योगिक विकास रुक जाएगा और उद्योगपतियों का भरोसा डगमगा सकता है। उन्हें उम्मीद है कि बिजली मंत्री से मिलने के बाद यह समस्या सुलझ जाएगी।

## सिलाना के पास चलते कैंटर में आग लगी

- चालक और मालिक ने कूदकर बचाई जान

**खरखौदा।** सिसाना-गोहाना मार्ग पर सिलाना गांव के पास चलते कैंटर में आग लग गई। चालक व कैंटर मालिक ने नीचे उतरकर जान बचाई। जबकि काफी कैंटर आग की भेंट चढ़ गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। सफीदों निवासी सुमित का कहना है कि वह किसी काम से छिन्नौली आ रहा था, इस दौरान कैंटर को उसका चालक छिन्नौली गांव का रहने वाला बबिंद्र चला रहा था, जब वह सिलाना-सिसाना के बीच में पहुंचे तो कैंटर के तारों में स्पार्किंग हुई और आ लग गई। जिससे गाड़ी के इंजन व कैबिन में आग लग गई, उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती ही चली गई। ऐसे में उन दोनों ने कैंटर से कूदकर जान बचाई। कैंटर मालिक सुमित का कहना है कि आगजनी की इस घटना से कैंटर का इंजन, कैबिन, एसी, टायर, गाड़ी की सीट व अन्य चीजें जल गई।

## सरल पोर्टल बंद होने के कारण प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोग हुए परेशान

- सीईटी व कालेज दाखिले के लिए आवेदन करने वालों को प्रमाण पत्र की पड़ रही जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लघु सचिवालय में सरल केंद्र में पोर्टल ठप्प पड़ने की वजह से प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इससे सबसे अधिक परेशानी सीईटी परीक्षा व कालेज दाखिले के लिए आवेदन करने वाले आवेदनकर्ताओं को उठानी पड़ रही है। इसलिए सरल पोर्टल पर प्रमाण पत्र बनवाने वालों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

प्रमाण पत्र बनवाने के लिए युवाओं ने बताया कि सीईटी में आवेदन के साथ जाति, आवास आदि प्रमाण पत्रों की आवश्यकता है। प्रवेश परीक्षाओं के अभ्यर्थी भी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। इस समय कालेजों में भी प्रवेश के लिए प्रमाण-पत्र बनवाए जा रहे हैं। वह लगातार तीन दिनों से सरल केंद्र के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन लगातार तीन दिनों से सर्वर डाउन चल रहा है। वह सुबह सरल केंद्र पर पहुंचते और पोर्टल खुलने के इंतजार में पूरा दिन यहां बैठने को मजबूर हैं।



गन्नौर। सरल केंद्र में सरल पोर्टल पर प्रमाण पत्र का काम शुरू होने के इंतजार में लोग।

### चंडीगढ़ भेजी गई है सूचना : एसडीएम

गन्नौर के एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि पोर्टल पर तकनीकी खामियों की सूचना चंडीगढ़ में भेजी गई है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

### अधिक आवेदन आने से बढ़ी समस्या

राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) में पता किया तो बताया जा रहा है कि सरल पोर्टल पर अधिक आवेदन आने के कारण तकनीको पोशानियां सामने आई। पोर्टल का मेंटेनेंस कराया जा रहा है। मंगलवार से पोर्टल नियमित रूप से चल सकता है।

## बैंयापुर के सरपंच का अपहरण करने का प्रयास, पिस्तौल के बल पर किया अपहरण

- ससुराल जाते समय गाड़ी में जबरदस्ती बैठे युवक, गांव पहुंचने पर चंगुल से उतरकर भागा
- मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत, गांव के सीसीटीवी में कैद हुई वारदात
- गांव के युवक पर उसके साथियों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र में गांव से ससुराल जा रहे बैंयापुर के सरपंच का हथियार के बल पर अपहरण करने के प्रयास का मामला सामने आया है। सरपंच का कहना है कि किसी तरह व अपहरणकर्ता के चंगुल से निकलकर गाड़ी से कूद गया। मामले को लेकर शहर थाना सोनीपत पुलिस को शिकायत देकर गांव के युवक व उसके साथियों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव बैंयापुर निवासी हिमाचल ने बताया कि वह मौजूदा समय में गांव का सरपंच है। गत 1 जून को वह अपनी गाड़ी में सवार होकर अपनी ससुराल गोहाना जा रहा था। वह सुरी पेट्रोल पंप वाली गली के पास पहुंचा। सड़क पर वाहनों का जाम होने के चलते गाड़ी को धीमा करना पड़ा। उसी दौरान गांव के सुरजीत ने खिड़की खोलकर पिस्तौल अड़ा दी। उसके कंडक्टर साइड में धका दिया। उसी दौरान चार लड़के और गाड़ी में सवार हो गए। उसे गांव बैयापुर की तरफ देवेंद्र भूखे के फार्म हाउस के पास ले गए। देवेंद्र के फार्म हाउस के पास सड़क पर स्पीड ब्रेकर है। गाड़ी की रफ्तार धीमी हुई तो वह खिड़की खोलकर गाड़ी से कूद गया। उसके बाद गांव की तरफ भागकर अपनी जान बचाई। सरपंच ने आरोप लगाया कि सुरजीत करीब बीस दिन पहले घर पर आया था। उसने कहा कि सरकारी स्कूल के पास पंचायती जमीन पर उसका कब्जा है। उसकी रजिस्ट्री करवा दे। उसने मना किया तो सुरजीत धमकी देकर चला गया। सुरजीत ने रंजिश के चलते उसका अपहरण करने का प्रयास किया है। इसमें गांव का देवेंद्र भूखा भी शामिल होने का आरोप सरपंच ने लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

## गृहस्थ जन 6 जून को तो वैष्णव संप्रदाय के अनुयायी 7 जून को व्रत रखेंगे

# निर्जला एकादशीः भगवान विष्णु को समर्पित सबसे पुण्यदायिनी



सोनीपत। आचार्य मनमोहन मिश्रा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू धर्म में एकादशी तिथियों का विशेष महत्व है, लेकिन निर्जला एकादशी को सभी एकादशियों में सबसे कठिन और पुण्यदायिनी माना गया है। इस दिन बिना जल ग्रहण किए व्रत रखा जाता है, इसलिए इसे निर्जला एकादशी कहा जाता है। यह व्रत विशेष रूप से भगवान विष्णु को समर्पित होता है और इसे भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाभारत के पात्र भीमसेन को भोजन के बिना रहना कठिन लगता था। लेकिन महर्षि वेदव्यास और पितामह भीष्म के उपदेश से प्रेरित होकर उन्होंने साल में एक बार निर्जला एकादशी का व्रत रखा। यही कारण है कि इसे भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है।

### व्रत पारण का मुहूर्त

- 7 जून को पारण का समयः दोपहर 1:44 बजे से 4:31 बजे तक।
- हरि वासर समाप्तिः प्रातः 11:25 बजे।
- 8 जून को पारण (द्वादशी मानने वालों हेतु): प्रातः 5:23 बजे से 7:17 बजे तक।
- द्वादशी समाप्तिः 7:17 बजे।

### तिथि और व्रत को लेकर भ्रम की स्थिति

इस वर्ष निर्जला एकादशी को लेकर दो तिथियां सामने आ रही हैं। पंडित आचार्य मनमोहन मिश्रा के अनुसार, ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि की शुरुआत 6 जून 2025 को रात 2:15 बजे से हो रही है, और इसका समापन 7 जून 2025 को सुबह 4:47 बजे होगा। गृहस्थ जन 6 जून को व्रत रख सकते हैं। वैष्णव संप्रदाय के अनुयायी 7 जून को व्रत रखेंगे।

### पूजन विधि एवं धार्मिक महत्व

इस दिन भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा की जाती है। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप विशेष पुण्यदायी माना गया है। पद्म पुराण एवं महाभारत में इस व्रत को मोक्षदायिनी कहा गया है। आचार्य मनमोहन मिश्रा ने बताया कि जलदान इस दिन का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। घड़े, सुराही या मटके में ठंडा जल भरकर दान करना अत्यंत फलदायी होता है। प्याऊ लगवाना, शरबत, पंखा, छाता, बिस्तर, खरबूजा, गुड़, कपड़े और अन्न का दान करने से अत्यधिक पुण्य मिलता है।



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?



हॉलीवुड मसाला



## गोलियों से छलनी मिली जोनाथन जोस की लाश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।




## रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



## सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



## धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

टीवी मसाला

## ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मज़ेदार वीडियो रिलीज़ किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीज़न 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'

### विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।



## धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो




**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने

## लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आज़म। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आजम को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

## बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों ने शिष्यों के लिए पेयजल की व्यवस्था की

**गोहाना।** राजकीय वमावि, गढ़ी उजाले खां के शिक्षकों ने अपने शिष्यों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की। विद्यालय में विद्यार्थियों को प्यास बुझाने के लिए शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा था। प्राचार्या अनिता दूहन के अनुसार विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए पेयजल की व्यवस्था तो थी लेकिन शुद्ध पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं थी। विद्यालय के स्टाफ ने अपने निजी कोष से विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की।

### कन्याओं को योग करने के लाभ बताएं

**सोनीपत।** हिन्दू कन्या विद्यालय में आर्य वीरांगना दल के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन आज कन्याओं को आसन, व्यायाम, योग की शिक्षा दी गई। शिविर के प्रधान व्यायाम शिक्षक शैल कुमार ने कन्याओं को योग करने के लाभ बताएं। उन्होंने शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए नित्य व्यायाम करने पर बल दिया। यज्ञ के साथ आरंभ हुए इस शिविर में लगभग 160 कन्याएं भाग ले रही हैं। यह शिविर रविवार तक चलेगा।

### जर्मनी से लौटा विद्यार्थी और शिक्षकों का दल

**सोनीपत।** शहर के प्रतिष्ठित श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का एक दल हाल ही में 15 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कर जर्मनी से लौटा। ये यात्रा कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित की थी जिसका उद्देश्य छात्रों को यूरोपीय शिक्षा प्रणाली व जीवनशैली का अनुभव प्रदान कराना था। दल की मेजबानी जर्मनी के स्टूटगार्ट शहर में स्थित सॉलिट्यूड जिम्नेज़ियम स्कूल द्वारा की गई। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को जर्मनी के विभिन्न स्थान जैसे शिक्षण संस्थान, ऐतिहासिक स्थल व संग्रहालय आदि ले जाया गया और साथ ही ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड देशों का भ्रमण भी करवाया गया।


### छबील लगाकर गर्मी में बुझाई लोगों की प्यास

**गोहाना।** एनिमल क्योर क्लब हरियाणा द्वारा ठंडे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई। क्लब के सदस्यों ने तपती धूप में वाहनों को रुकवाकर राहगीरों को पानी पिलाया। मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रवीण दहिया और आशु गायक थे। क्लब द्वारा हर वर्ष गर्मी के मौसम में प्यास बुझाने के लिए छबील लगाता है। इस क्रम में क्बल द्वारा इस बार भी छबील लगा लोगों को पानी पिलाया गया।

# बच्ची की मौत : पिता ने नागरिक अस्पताल व पीजीआई के खिलाफ दी शिकायत

**दोषी चिकित्सकों पर कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग**

## समय पर इलाज व वेंटिलेटर सुविधा ना मिलने पर गई थी मासूस की जान


सोनीपत। सेक्टर-27 पुलिस थाना में शिकायत देने के लिए पहुंचे पीड़ित परिजन। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

एक साल दो महीने की मासूम प्रांसिता की जान समय पर इलाज और वेंटिलेटर सुविधा न मिलने के चलते चली गई थी। बच्ची के पिता पवन अहिरवार ने नागरिक अस्पताल सोनीपत और रोहतक पीजीआई पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सैक्टर-27 थाना में शिकायत दर्ज कराई है और दोषी चिकित्सकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार 31 मई को गांव रायपुर में एक साल की प्रांसिता घर में पानी के टब में गिरकर डूब गई थी। पिता पवन उसे तत्काल सिविल अस्पताल सोनीपत ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। पवन का आरोप है कि रोहतक पहुंचने के बाद रात 8:30 बजे तक बच्ची का कोई इलाज शुरू नहीं किया गया। बच्ची के मुंह और नाक से खून आ रहा था, लेकिन चिकित्सकों ने कहा कि वेंटिलेटर ट्यूब गलत लगी है, फिर भी उसे नहीं बदला गया। परिजनों के बार-बार निवेदन पर भी बच्ची को वेंटिलेटर नहीं दिया, जबकि बाद में आए एक मरीज को सिफारिश के आधार पर वेंटिलेटर दे दिया गया।

**न्याय के लिए चलाएंगे आंदोलनः देवेन्द्र**

पवन अहिरवार ने आरोप लगाया कि गरीब होने की वजह से उनकी बात नहीं सुनी गई, जिससे उनकी बेटी की मौत हो गई। उन्होंने मांग की है कि दोषियों की जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। समाजसेवी व अधिवक्ता देवेन्द्र गौतम ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा।

## विश्व साइकिल दिवस पर बताए लोगों को फायदे

# साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया

### योग नहीं कर सकते तो साइकिल चलाएं : सुरेश सैनी

**साइकिल चलाने से घुटनों के जोड़ों की समस्या नष्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

सेक्टर-7 में मंगलवार को विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लोगों को साइकिल चलाने के फायदे बताए और साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। अध्यक्षता वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष अशोक आर्य ने की। मुख्य वक्ता योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने कहा सुबह जल्दी उठकर योग नहीं कर सकते तो दिन में साइकिल जरूर चलाएं। यूनिवर्सिटी आफ लंदन का एक शोध कहता है की साइकिल चलाने से हमारा मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है और दिमाग में सेरोटोनिन डोपामिन व फनिलइयिलासिन जैसे रसायनों का उत्पादन बढ़ जाता है जिससे तनाव कम होता है। यदि घुटनों या जोड़ों की समस्या है तो वह भी दूर हो जाती है अशोक आर्य ने कहा साइकिल चलाना बेहद अच्छा व्यायाम है। इससे वजन कम होता है और फिटनेस बनी रहती है। मुख्य वक्ता योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने कहा सुबह जल्दी उठकर योग नहीं कर सकते तो दिन में साइकिल जरूर चलाएं।


गोहाना। साइकिल चलाते नागरिक। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। साइकिल रैली को रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सुरेश पंवार, बलराज रोहिल्ला, सुभाष वर्मा, जय भगवान पांचाल, संतोष शर्मा व मुख्तार सिंह दांगी उपस्थित रहे।

**साइकिल रैली निकाली**

**सोनीपत।** माडल टाउन स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वमावि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में साइकिल रैली निकाली। रैली का नेतृत्व एनएसएस के जिला संयोजक पवन कर रहे थे। पवन ने कहा कि फिटनेस मात्र एक शब्द न होकर एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आधारभूत स्तंभ है। स्वयंसेवकों को प्रदूषण मुक्त एवं स्वस्थ परिवेश हेतु साइकिल को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। रैली स्कूल से शुरू होकर सुभाष चौक, ओल्ड डीसी रोड, आईटीआई चौक, परशुराम चौक से होते हुए फ्रैंडस पार्क माडल टाउन में संपन्न हुई। इस मौके पर कृष्ण रोहिल्ला, सुरेश भारद्वाज, दिनेश आदि मौजूद थे।

# ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में समीक्षा व तमन्ना ने हासिल किए प्रथम पुरस्कार

- लैंगिक समानता की वकालत विषय पर निबंध लेखन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूथ रैडक्रॉस इकाई (वाईआरसी) की दो छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजितऑनलाईन प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार हासिल किए हैं। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। वाईआरसी की काउंसलर एवं प्रतियोगिता की संयोजक प्राध्यापिका डा. पूजा गुलाटी ने बताया कि करनाल स्थित कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कालेज फोर वूमन के तत्वावधान में ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के लिए आपदा से पुर्नप्राप्ति तकःसतत आपदा प्रबंधन हेतु रणनीति विषय दिया गया, जिसमें बेहतरीन प्रस्तुति देते जीवीएम की बीएससी नॉन मेडिकल द्वितीय वर्ष की छात्रा समीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, सम्मान के स्वरःअभिव्यक्ति के माध्यम से लैंगिक समानता की वकालत विषय पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की बीएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा तमन्ना ने प्रथम स्थान हासिल किया। कालेज की वाईआरसी एवं रेड रिबन क्लब की इस उपलब्धि पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेता छात्राओं का कालेज में विशेष रूप से अभिनंदन किया।


सोनीपत। विजेता प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि


गोहाना। लोगों की समस्याएं सुनते भाजपा पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान।

**सरकार ने जारी किया ये आदेश**

**गोहाना।** मंगलवार को बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सांगवान ने जींद रोड स्थित कार्यालय में ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। सांगवान ने लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। गांव शामड़ी के दर्शन खोखर ने कहा कि उसके पीपीपी में वार्षिक आय अधिक दर्ज की गई है। गांव मदीना की पूनम ने भी इसी तरह की शिकायत रखी। उसने कहा कि पीपीपी में आय अधिक दिखाने से आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहा है। गांव कोहला के रविंद्र ने बिजली मीटर लगवाने की गुहार लगाई। खेड़ी दमकन के जगबीर देशवाल ने जमीन का इंतकाल चढ़वाने को कहा। इस मौके पर डा. राममेहर राठी, महेंद्र चिड़ाना, जितेंद्र शर्मा, अजीत सांगवान, पंकज शर्मा, जगदीप सांगवान, जयकरण व रामनिवास सांगवान मौजूद रहे।

### बाल विवाह की रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन

**सोनीपत।** बीडीपीओ कार्यालय में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था एवं एमडीडी ऑफ इंडिया के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों को बाल विवाह एवं बच्चों से जुड़े अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। कार्यशाला का नेतृत्व डॉ. राज सिंह सांगवान (पूर्व चेयरमैन, बाल कल्याण समिति रोहतक) ने किया। कहा, "बच्चों से जुड़े अपराधों की रिपोर्टिंग न करना स्वयं एक दंडनीय अपराध है।" उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, पोक्सो एक्ट 2012, आईपीसी की धाराओं तथा जुवेनाइल जस्टिस अधिनियम 2015 की जानकारी दी। डॉ. सांगवान ने पंचायतों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर सजगता से बाल विवाह पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने जल्द रिपोर्टिंग और बाल कल्याण समिति को सूचना देने की महत्ता पर बल दिया।

# आईआईटी जेईई एडवांस परीक्षा में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गत दिवस जेईई एडवांस के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर आयोजित इस परीक्षा में छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक, तेजल पुत्री विजयचंद ने 2542वीं एवं आदित्य पुत्र जयपाल सिंह ने 2592वीं रैंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आयुष तिवारी ने 2867वीं रैंक, कल्पना ने 3688वीं रैंक, करिश्मा ने 3747वीं रैंक, हिमांशी ने 3988वीं रैंक, तनुजपाल ने 4619वीं रैंक, इरफान ने 5117वीं रैंक, निखिल शर्मा ने 5269वीं रैंक, अभिनव कुमार ने 6816वीं रैंक, मानविक कुमार गुप्ता ने 9456वीं रैंक, निष्ठा ने 9695वीं रैंक सहित अन्य विद्यार्थियों कुणाल, अभिषेक, भविष्य, सोनाक्षी, कमल, समीक्षा, हर्षित, मनोज, सोनम चौहान, अजय कुमार, पवन शर्मा, विजयपाल, हरकेश, रीतु कुमारी, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने भी अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने करने में सफलता प्राप्त की। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्राप्त कर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करेंगे।


आदित्य


अतुल


तेजल


खरखौदा। खिलाड़ी का स्वागत करते स्कूल प्रबंधन व परिजन। फोटो :हरिभूमि

**विधि करेंगी हांगकांग में नैटबाल टीम का नेतृत्व**

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल की होनहार खिलाड़ी विधि दहिया को 5 से 8 जून तक हांगकांग में आयोजित होने वाली बोहिनया इंटरनेशनल नैटबाल कप के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। ये उपलब्धि न केवल प्रताप स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विधि को स्कूल प्रांगण से द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, संस्थापक प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, पिता बिजेन्द्र, माता संजीता और चाचा सोमबीर आर्य ने शुभकामनाओं और आशीर्वाद के साथ रवाना किया। ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि विधि इससे पहले एक बार इंटरनेशनल और नौ बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी हैं। विश्वास जताया कि इस बार भी विधि पदक जीतकर भारत का परचम बुलंद करेंगी। डॉ. सुबोध ने संबोधन में कहा, विधि एक बेहतरीन खिलाड़ी है और टीम का कप्तान बनना पूरे विद्यालय परिवार व क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है।

# नशे से दूर रहने का दिया मंत्र

- अभियान के तहत गांव भटगांव में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर रही है। साथ ही जिला वासियों को नशे से दूर रखने व उसकी रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चल रही है। अभियान के तहत गांव भटगांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस अधिकारी ने युवाओं को नशे से दूर रहने व नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। एनडीपीएस टीम नें एसीपी जीत सिंह बेनीवाल व थाना सदर सोनीपत प्रबंधक के नेतृत्व में टीम गांव भटगांव व सलीमसर माजरा में पहुंची। जहां एसपी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है।

इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए हम सब की भागीदारी जरूरी है। नशे के दुष्परिणामों बारे अधिक से अधिक जानकारी देकर आमजन को जागरूक करना है। सहायक पुलिस आयुक्त ने युवाओं से अपील की हुई है कि वह नशे के विरूद्ध इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर सोनीपत क्षेत्र को नशामुक्त बनाने व राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। पुलिस अधिकारियों की तरफ से ग्रामीणों व युवाओं को नशे के विरूद्ध शपथ दिलाई गई।


सोनीपत। युवाओं को फिट रहने के टिप्स देते एसीपी। फोटो :हरिभूमि


सोनीपत। कार्यशाला में शामिल महिला कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### लिटल एंजल्स स्कूल में कार्यशाला का किया आयोजन

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में कर्मचारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला कर्मचारियों की कार्यशाला 'शक्तिवाहिनी' के दौरान महिला कर्मचारियों को दैनिक जीवन में प्रयोग किए जाने वाले अंग्रेजी के शब्द सिखाए गए। इसी के साथ उन्हें अनेक प्रेरक व व्यावहारिक गतिविधियाँ करवाई गई। सभी को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी बताया गया। महिला कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक, गूगल एप, ओला-ऊबर बुकिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। इन्हें बातचीत के तरीकों के साथ-साथ घर की पुरानी चीजों से नई-नई हस्तनिर्मित चीजे बनानी भी सिखाई गई, जिसमें वॉल हैगिंग, जूट बैग, हैंड बैग बनाना आदि प्रमुख थे। इस कार्यशाला में उन्हें तरह-तरह के व्यंजन बनाने भी सिखाये गये। इसी प्रकार विद्यालय के बस चालकों व सहायकों के लिए भी 'सार्थक' कार्यशाला का आयोजन किया।

**कार्यक्रम** गांवों में चलाया जा रहा विकसित कृषि संकल्प अभियान

# पैदावार बढ़ाने की होड़ में उगा रहे हैं बीमारियों की फसल : डॉ. परमिंदर

**डॉ. परमिंदर मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जगदीशपुर, सोनीपत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र ,भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तीन टीमों द्वारा 9 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। टीम समन्वयक एवं वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की पैदावार बढ़ाने की होड़ में हम बीमारियों की फसल उगा रहे हैं। डॉ. परमिंदर मलिक ने कहा कि पंजाब के बाद हरियाणा देश में सर्वाधिक कीटनाशक इस्तेमाल करने वाला राज्य बन चुका है। उत्पादन की होड़ और जागरूकता की कमी के कारण हम औसत से 3 गुना ज्यादा कीटनाशक इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 36 लाख हैक्टेयर भूमि पर कीटनाशकों का इस्तेमाल 42000 क्विंटल तक पहुंच गया है सरकार द्वारा लाखों करोड़ रुपए की उर्वरक सब्सिडी दी जा रही है और इसके बावजूद हमारा और मृदा का स्वास्थ्य खराब हो रहा है हमारे प्रदेश में कैंसर के रोगी बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए देसी गाय की खरीद पर 30000 और प्रति एकड़ 4000 दिया जा रहा है। डॉ. परमिंदर मलिक ने बताया कि धान की सीधी बिजाई पर प्रति एकड़ 4500, मेरा पानी मेरा विरासत पर 8000 और फसल अवशेष प्रबंधन पर 1200 प्रति एकड़ की सरकारी सहायता दी जा रही है। इस मौके पर आईएआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मानसिंह, डॉ. लीवलीन शुक्ला, डॉ. नीथू मोहन, कृषि विकास अधिकारी दिनेश, उद्यान विकास अधिकारी गौरव, ललिता देवी के अलावा तीनों गांव खुर्रमपुर, भैराबांकीपुर और बसंतपुर के लगभग 360 पुरुषों और महिलाओं ने भाग लिया।


सोनीपत। अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. परमिंदर मलिक एवं मंचासीन अन्य। फोटो :हरिभूमि

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की नई सब्जी मंडी खरखौदा में बूथ न० -6 दिनांक 29.08.1988 को श्री दिलबाग सिंह छिक्कारा पुत्र श्री रामदत्त के नाम अलौट हुई थी | इसके पश्चात दिनांक 04.04.1997 को श्री दिलबाग सिंह छिक्कारा की मृत्यु पश्चात न्यायालय द्वारा दिनांक 30.11.2013 को यह बूथ वसीयत दिनांक 28.02.1994 (जो की स्वर्गीय श्री दिलबाग सिंह छिक्कारा द्वारा बनवाई गई थी) के आधार पर श्री राज सिंह पुत्र श्री मंशा राम के नाम करने बारे आदेश जारी किए गए लेकिन दिनांक 09.08.2008 को श्री राज सिंह का देहांत हो गया जिसके पश्चात दिनांक 07.04.2014 को DECREE के आधार पर स्वर्गीय श्री राज सिंह के तीन वारिसों क्रमशः (1) केलापती पत्नी स्वर्गीय श्री राज सिंह (2) कृष्ण पुत्र स्वर्गीय श्री राज सिंह (3) पूनम पुत्री स्वर्गीय श्री राज सिंह के नाम हो गया | अब कार्यालय में उपरोक्त तीनों वारिसों ने यह बूथ कार्यालय मार्केट कमेटी रिकार्ड में अपने नाम करवाने बारे व conveyance deed करवाने बारे प्रार्थना पत्र दिया है | अगर किसी उपरोक्त वारिस / अन्य वारिस / आमजन को बूथ न० 6 नई सब्जी मंडी -खरखौदा उपरोक्त तीनों वारिसों के नाम करने में कोई आपत्ति है तो 30 दिनों के अंदर प्राधिकृत / विश्वसनीय दस्तावेज के साथ कार्यालय मार्केट कमेटी खरखौदा में अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं | विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिनों के बाद कोई दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी और बूथ न० - 6 नई सब्जी मंडी खरखौदा उपरोक्त तीनों वारिसों के नाम करने की नियमानुसार कार्यवाही मार्केट कमेटी खरखौदा द्वारा अमल में लाई जायेगी जिसमें मार्केट कमेटी खरखौदा की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

Secretary-cum- E.O
Market committee, kharkhoda

## खबर संक्षेप

### योग दिवस के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि योग प्राचीन भारतीय पद्धति है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक कल्याण का समन्वय करती है। यह आज वैश्विक स्तर पर स्वस्थ जीवन के प्रभावशाली साधन के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। योग पारंपरिक कसरत से भिन्न होकर संतुलन, लचीलापन और मानसिक शांति को बढ़ावा देता है, जिससे व्यक्ति के दैनिक जीवन में सामंजस्य और सकारात्मकता आती है। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में योग दिवस के आयोजन की व्यापक तैयारी करें और ऑनलाइन पंजीकरण के प्रति जागरूकता फैलाएं।

### श्याम महोत्सव आज निकलेगी निशान यात्रा

**सोनीपत।** नई अनाज मंडी के निकट स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में आज श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सायं 5 बजे से नई अनाज मंडी में संकीर्तन किया जाएगा। महोत्सव के तहत बनाए गए पंडाल में श्रद्धालु पुरुष-महिलाओं के लिए बैठने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। मंदिर की प्रबंध कमेटी से सीए अनुज मंगला के मुताबिक 4 जून को श्री श्याम जन्मोत्सव पर भूरे बाबा मंदिर देव नगर से श्री खाटू श्याम मंदिर सोनीपत धाम तक सुबह 8 बजे से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। निशान यात्रा मंदिर से चलकर मिशन चौक, भगवान महावीर मार्ग, गुड़ मंडी, काठ मंडी, थाना शहर, प्रभु नगर व कालूपुर से गुजरते हुए श्याम मंदिर में पहुंचकर संपन्न होगी। सायं के समय 5 बजे से नई अनाज मंडी में श्री श्याम संकीर्तन किया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक प्रविंद्र पलक, सौरव शर्मा, मुरली मनोहर, संदीप तायल, टविंकल शर्मा व नरेश पूनिया म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

# एसआई 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

## एसीबी करनाल की टीम आरोपित को बुधवार को अदालत में पेश करेगी

■ कुंडली थाना की बारोटा चौकी में तैनात है एसआई नरेश कुमार


सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित एसीबी की टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) करनाल की टीम ने बारोटा चौकी में तैनात एसआई को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपित शिकायतकर्ता के खिलाफ दर्ज मुकदमे में उसके पक्ष में गवाही देने के लिए रिश्वत देने का दबाव बना रहा था। एसीबी की टीम आरोपित को बुधवार को अदालत में पेश करेगी।

पंजाब के खन्नौरी मंडी निवासी सुरेंद्र ने एसीबी करनाल को शिकायत दी थी कि उनके खिलाफ वर्ष 2024 में कुंडली थाना की बारोटा चौकी में अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया था। अब वह मामले में जमानत पर आया हुआ था। मामले में बारोटा चौकी में नियुक्त एसआई नरेश कुमार जांच अधिकारी है। अब उनके खिलाफ दर्ज मामले में गवाही चल रही हैं। नरेश ने उनके पक्ष में गवाही देने का आश्वासन देने की बात कहकर उन पर 20 हजार रुपये देने का दबाव बनाया। जिस पर उन्होंने एसीबी करनाल को अवगत कराया। एसीबी करनाल के इंस्पेक्टर तेजपाल की टीम ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। मंगलवार शाम को सुरेंद्र ने नरेश को गोहाना रोड पर रुपये देने को बुलाया। जब सुरेंद्र ने रिश्वत की राशि दी तो एसीबी की टीम ने पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर लिया।

**गंभीरता से की जा रही है मामले की जांच**

पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को गोहाना रोड से रंगे हाथों काबू किया है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद बुधवार को आरोपित को अदालत में पेश किया जाएगा। टीम मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

**-इंस्पेक्टर तेजपाल सिंह**, एसीबी करनाल

### लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार



■ शेयर मार्केट में मुनाफा देने का दिया था लालच

**सोनीपत।** सेक्टर-23 साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने शेयर मार्केट में मुनाफा देने का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमृतसर गुरलाभ पंजाब, गुरमीत निवासी सिरसा का है। पुलिस ने आरोपितों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

मॉडल टाउन निवासी अमित ने गत 23 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके पास व्हाट्सएप पर संदेश आया। संदेश करने वाली महिला ने खुद को आइसीआइसीआइ सिक्योरिटी की कर्मचारी विनिता पटोदिया बताया। मुफ्त में शेयर ट्रेडिंग सिखाने का प्रस्ताव दिया। उसने उन्हें एक ग्रुप में जोड़ दिया। जिसम पहल से ही 127 लोग शामिल थे। उन्हें निवेश करने पर 20-30 प्रतिशत का मुनाफा मिलने का लालच दिया। उन्होंने 23 मार्च से 24 अप्रैल के बीच दिए खातों में 36.53 लाख रुपये डाल दिए। शिकायत पर थाना साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। अब छानबीन कर आरोपित गुरलाभ और गुरमीत को गिरफ्तार किया है। आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।


गोहाना। वाहनों के दस्तावेजों की जांच करते हुए ट्रैफिक पुलिस अधिकारी।

### सुरक्षा प्रदान करना पुलिस की प्राथमिकता :डीसीपी

■ सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने चलाया विशेष चैकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना ट्रैफिक पुलिस ने पूरे मई माह सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 834 वाहन चालकों के चालान करके उन पर 6 लाख 90 हजार रुपये जुर्माना लगाया। डीसीपी गोहाना भारती डबास ने कहा कि जन सुरक्षा ही पुलिस की प्राथमिकता है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन के सफर को सुरक्षित करना है।

**ब्लैक फिल्म भी हटाई**

पुलिस आयुक्त, सोनीपत ममता सिंह के आदेशानुसार व पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस की टीमों ने यातायात नियमों का उलंघन नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर जुर्माना लगाने के साथ उनको नियमों की जानकारी दी गई। ब्लैक फिल्म प्रयोग कर रहे कार चालकों की ब्लैक फिल्म भी हटाई गई। अभियान में ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट पटाखा के 20, ब्लैक फिल्म के 6, शराब पीकर गाड़ी चलाने के 16, ट्रिपल राइडिंग के 80, लेन परिवर्तन के 323, गलत दिशा में गाड़ी चलाने के 22, अवैध लाल नीली बत्ती के 9, मानको पर खरी न उतरने वाली 1 स्कूल बसों के चालान व अन्य सडक़ नियमों का पालन न करने के 336 चालान करके 6 लाख 90 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के साथ-साथ संदिग्धों की तलाशी भी ली और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की।

## सौ किलोमीटर साइकिल चला दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। साइकिल यात्रा से पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देते हुए स्वीटी मलिक। फोटो : हरिभूमि

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भैंसवान खुर्द गांव की साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक ने सौ किलोमीटर साइकिल चलाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। उनकी साइकिल यात्रा रोहतक छोटू राम स्टेडियम से शुरू होकर और मुंडलाना गांव में पुलिस चौकी तक समापन हुआ। पुलिस चौकी के अधिकारियों ने उनका सम्मान किया।

साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक ने कहा बेशक साइकिल एक सरल मशीन है लेकिन यह आपके दिमाग और शरीर को बहुत ज्यादा शक्तिशाली बनाती है। हम सबको अपनी दिनचर्या में छोटे-मोटे कार्य साइकिल द्वारा ही करने चाहिएं। एक तो इससे पर्यावरण सुरक्षित रखता है दूसरे शारीरिक व आर्थिक लाभ भी पहुंचाता है। गौरतलब है की स्वीटी मलिक पिछले काफी सालों से साइकिल द्वारा समाज हित के लिए जागरूकता यात्राएं और प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर हरज्ञान मलिक, ओम हुड्डा, रामभज, राजू, रमेश अहलावत और नफे सिंह जाखड़ आदि मौजूद रहे।

### खेत में फंदे पर लटका मिला शव, पहचान नहीं

**गन्नौर।** धतूरी गांव के समीप रजवाहे के पास खेत में सुनसान जगह पर व्यक्ति का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। शव पिछले दो-तीन दिनों से फांसी पर लटका हुआ था। पेड़ के पास ही मधुमक्खियों का छत्ता भी था, जिस वजह से मृतक के शरीर को मधुमक्खियों ने बुरी तरह से काट रखा था। व्यक्ति का शव क्षत विक्षत होने की वजह से उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भिजवा दिया है। थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि व्यक्ति पिछले 2-3 दिनों से फांसी पर इसी तरह से लटका हुआ था।

## शिक्षकों को गैर-वोकेशनल घोषित किया जाए: संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिक्षकों से स्कूलों में समर कैंप व प्रशिक्षण शिविरों में सेवाएं ली जा रही हैं, जिसके विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने शिक्षा विभाग से प्रतिपूरक या अर्जित अवकाश देने की मांग की है।

इस संबंध में संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया को ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों की समस्याओं को विस्तार से रखा। ज्ञापन में कहा गया है कि गर्मी की छुट्टियों में 5 से 8 जून तक प्राथमिक शिक्षकों से समर कैंप तथा 5 दिनों तक विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों में सेवाएं ली जा रही हैं, जिससे उनका निजी समय और अवकाश प्रभावित हो रहा है। संघ ने इसे अनुचित बताते हुए कहा है कि यदि अन्य विभागों के कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को गैर-वोकेशनल घोषित किया जाए, तो उन्हें भी समान रूप से अर्जित, चिकित्सीय व प्रतिपूरक अवकाश की सुविधाएं मिलनी चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर राज्य सचिव जोगिंदर सिंह, प्रधान नरेंद्र चहल, कैशियर रोहतास गंगाना, सुरेंद्र पाल, कुलदीप सिंह, ऋषिकेश, अनिल इत्यादि उपस्थित रहे।

## कठिन हालात में रहने वाले बच्चों को करेंगे शिक्षित: डीसी

■ पंच-सरपंचों को पोक्सो एक्ट व बाल संरक्षण योजनाओं के प्रति किया जाए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि परिजनों के साथ कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षित कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बाल संरक्षण से जुड़े सभी विभाग एवं एनजीओ मिलकर प्रयास करें।

सभी स्लम क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई बच्चा स्कूल से वंचित न रह जाए। यदि कोई बच्चा शिक्षा से दूर पाया जाए, तो उसका तुरंत स्कूल में दाखिला करवाया जाए। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार मंगलवार को लघु सचिवालय में बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायतें मिलती हैं कि कुछ स्थानों पर बच्चों को नशे के कारोबार में लगाया जा रहा है या वे स्वयं नशे की लत के शिकार हो रहे हैं। ऐसे मामलों पर पुलिस विभाग नजर रखे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



खरखौदा। झरोठी टोल प्लाजा पर रोष प्रदर्शन करते किसान

### अभिमन्यु कोहाड़ के नेतृत्व में किसानों ने झरोठी टोल पर किया पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**खरखौदा।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को एनएच 334बी के झरोठी टोल प्लाजा पर क्षेत्रीय किसानों ने किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ की अगुवाई में एकत्रित होकर पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। अभिमन्यु कोहाड़ ने इस अवसर पर कहा कि पंजाब के बठिंडा जिले के घासोखाना गांव के बीच से बिछाई जा रही गंदे पानी की पाइपलाइन का विरोध करने पर किसान नेता काका सिंह कोटड़ा समेत सैंकड़ों किसानों को गिरफ्तार कर पिछले 10 दिनों से जेल में बंद किया हुआ है। इसके विरोध में आज पंजाब सरकार के खिलाफ पुतले दहन करते हुए प्रदर्शन किया जा रहा है। पंजाब की आप सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। वहीं हरियाणा प्रदेश की सरकार द्वारा भी किसान आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों के नोटिस भेजकर किसानों को परेशान किया जा रहा है, ऐसे मुकदमों को रद करने की मांग की गई। इसके बाद किसानों ने कई गांवों के खेतों में बिजली सप्लाई विधिवत रूप से न होने को लेकर खरखौदा व सैदपुर एसडीओ से मुलाकात कर बिजली मुहैया करवाने की मांग की।

### शिविर में 200 की हुई जांच 12 मरीजों के होंगे ऑपरेशन



**सोनीपत।** अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से 33वां नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें दिल्ली से वेणु आई इंस्टीट्यूट व रिसर्च सेंटर से चिकित्सकों की टीम ने 200 मरीजों की जांच की। इसमें से 12 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। इन मरीजों को टीम के साथ ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा गया। जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त में चश्मे का प्रबंध अर्णव ऑप्टिशियन द्वारा किया गया। कैम्प में वर्मा लैब द्वारा मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच मुफ्त मे की गई। प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया कि हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जाता है, समिति के उपप्रधान व मीडिया प्रभारी संजय सिंगला ने बताया कि कैम्प में 200 मरीजों ने जांच करवाई है। इस मौके पर समिति के महासचिव ओडी गर्ग, दयाराम जैन, कैंप इंचार्ज प्रदीप गोयल, डॉ. राजेश गुप्ता, राजीव गर्ग, लक्ष्य गोयल, आशु मंगला, विनोद गोयल, साहिल मित्तल, अमन गोयल, दीपक कुमार, डॉ. विवेक, सलोनी, महेन्द्र, सूचिता, वंदना, दीपा, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

## कांस्टेबल का ट्रांसफर व पति को नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) की एक कांस्टेबल के ट्रांसफर और उसके पति को नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसकी बैचमेट रही युवती ने अपने जानकार युवक के साथ मिलकर उसके साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया।

झाड़ौदा दिल्ली निवासी सुमन ने बताया कि वह आरपीएफ में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। हाल में वह पंजाब के पठानकोट में नियुक्त है। पीड़िता ने बताया कि उनकी बैचमेट झज्जर के नवादा गांव की करिश्मा ने उसे अपने जानकार युवक अभिषेक से मिलवाया था। अभिषेक ने बताया कि उनके जीजा आइपीएस है। जो मध्य प्रदेश में तैनात है। आरपीएफ डीजी उनके जीजा के दोस्त है। उसने सुमन को कहा कि वह उनका ट्रांसफर करवा सकते है। उसके पति को भी नौकरी दिलवा सकते है। यकीन दिलाने के लिए अभिषेक ने आईपीएस की वर्दी पहने एक व्यक्ति से वीडियो कॉल पर बात भी करवाई। इसके बाद उससे ट्रांसफर और उसके पति की नौकरी के लिए 15 लाख रुपये की मांग की। सुमन का कहना है कि इसके बाद 8 अगस्त, 2023 को करिश्मा को 2.50 लाख नकद दिए और अभिषेक के बैंक खाते में 4.50 लाख ट्रांसफर किए। इसके बाद करिश्मा ने नौकरी की प्रक्रिया जारी होने का बहाना बनाकर 2.50 लाख रुपये और मांगे।

**तीन को नामजद किया**

अदालत के आदेश में तीन आरोपितों को नामजद किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि लेनदेन थाना क्षेत्र में हुआ है। इस संबंध गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच करने के बाद ही आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**-दीपक कुमार**, जांच अधिकारी कुंडली थाना

### पालिथिन मुक्त अभियान 21 जून तक चलेगा

## बस स्टैंड पर वितरित किए कपड़े के थैले






हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम, सोनीपत और टीम अजय पंचाल ने पालिथिन मुक्त सोनीपत अभियान के तहत बस स्टैंड पर अभियान चलाया। 1 से शुरू किया गया यह अभियान 21 जून तक जारी रहेगा। इस अवसर पर लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए गए, ताकि वे प्लास्टिक के उपयोग को कम कर सकें और पर्यावरण की रक्षा में योगदान दे सकें। कार्यक्रम में सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने कहा कि पॉलीथिन का प्रयोग जहां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है वंहा पर्यावरण को भी ख़राब करता है।

उन्होंने कहा कि पॉलीथिन के कारण सड़कों पर कचरा दिखाई दता है, सीवेरज जाम हो जाते हैं और आवारा घूमने वाले पशु पॉलीथिन खाकर मर जाते हैं। उन्होंने बताया कि इसी अभियान के तहत शहर में सड़कों, नालों की सफाई तथा जनता को जागरूक करने के अभियान भी चलेंगे।

मेयर ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस भी मनाया जायगा जिसमे पेड़ लगाएं अभियान, नुक्कड़ नाटक तथा जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा। राजीव जैन ने कहा कि स्वच्छता केवल निगम या सरकार की जिम्मदारी नहीं है बल्कि हर नागरिक को स्वच्छता को जीवन का अंग बनाना होगा। कार्यक्रम में पार्षद सुरेंद्र मदान, नकीन मेहरा, भारत भूषण, सत्यनारायण मेहरा, अशोक बागड़ी, सफाई निरीक्षक सतेंद्र दहिया, सुंदर सिंह आदि मौजूद रहे।


गोहाना। नई कार्यकारिणी के साथ कुलपति प्रो. सुदेश, कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### भूतपूर्व छात्राएं विवि की ब्रांड एम्बेसडर, संस्थान के लिए कर सकती हैं बहुत कुछ : प्रो. सुदेश

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में मंगलवार को भूतपूर्व छात्रा संघ की द्वितीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव थे। कुलपति ने कहा कि भूतपूर्व छात्राएं विवि की ब्रांड एम्बेसडर होती हैं। भूतपूर्व छात्राएं अपने संस्थान के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं जो उन्हें करना चाहिए। आज बहुत सारी पूर्व छात्राएं देश-विदेश में महिला विवि का नाम रोशन कर रही हैं। विवि की पूर्व छात्राएं देश-विदेश में बहुत बड़े प्रशासनिक पदों पर बैठी हैं। प्रो. सुदेश ने कहा कि अधिकारी के रूप में बैठी छात्राओं को आगे आ कर अपनी छोटी बहनों को किसी न किसी रूप में सहयोग करना चाहिए। विवि अलुमिनी सेल के निदेशक डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि द्विवार्षिक कार्यकारिणी का चयन चुनाव के माध्यम से निर्विरोध हुआ। कार्यकारिणी में डॉ. किरण कलकल अध्यक्ष और डॉ. सोनल बेनीवाल उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुई। डॉ. मोनिका सचिव व डॉ. दीपमाला यादव सह सचिव निर्वाचित हुई। मंच संचालन डॉ. महेश कौशिक ने किया। इस अवसर पर महिला विवि के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. नीलम मलिक व डॉ. कोकिला मलिक मौजूद रहे।